ICC Activity: Webinar on 12/07/21

आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकण्डा
ARYA KANYA MAHAVIDYALYA
(A Premier Multifaculty Post Graduate Girls Institution Affiliated to KUK)
SHAHABAD MARKANDA, DISTT KURUKSHETRA (HARYANA)
Estd. 1968

Ref. No. 801/AKM/2021/9478A

Date 12/07/2021

कोरोना महामारी – "नैतिक और मौलिक कर्तव्य"

आर्य कन्या महाविद्यालय शाहाबाद मारकण्डा में दिनांक 12 जुलाई, 2021 को जागृति मंच, शक्ति मंच और आई0सी0सी0 के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया। इस अवसर पर चीफ जुडीशियल मजिस्ट्रेट–कम–सेक्रटरी डिस्ट्रीक्ट लिगल सर्विस अथोरिटी, कुरूक्षेत्र के श्री दुष्यंत चौधरी द्वारा 'कोविड महामारी के संबध में नागरिकों के नैतिक और मौलिक कर्तव्य' पर व्याख्यान प्रस्तुत किया गया जिसमें उन्होने सभी अध्यापक और छात्राओं को नैतिक और मौलिक कर्तव्य के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि आज के कोविड महामारी के समय में सकारात्मक सोच के साथ एक दूसरे की मदद करनी चाहिए। हमे किसी भी तरह का कोई भ्रम नही फैलाना चाहिए जिससे देश के नागरिक गलत दिशा की ओर अग्रसर हो। इसके साथ ही उन्होने कोरोना की दूसरी लहर के दौरान आई आक्सीजन की समस्या से निपटने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने पर जोर दिया। इस मुश्किल दौर में किसी भी व्यक्ति को जरूरी सामान की काला बाजारी नहीं करनी चाहिए और अपने मानवीय मूल्यो को नहीं भूलना चाहिए।

महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 सुनीता पाहवा ने अपने स्वागत संबोधन में मुख्य अतिथी का स्वागत करते हुए धन्यवाद किया कि उन्होने इस विषय पर छात्राओं को जागरूक करने के लिए समय निकाला। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के कोषाध्यक्ष श्री विष्णुभगवान गुप्ता जी ने स्वागत संबोधन में अपने नैतिक कार्यों का वर्णन करते हुए कहा कि उन्होने समय–समय पर रक्तदान शिविर, राहत सामग्री, वितिय सहायता आदि उपलब्ध करवाई जिससे अन्य लोगों को भी इन नैतिक कार्यों से प्रेरणा मिल सके। महाविद्यालय की प्रबंधक समिति की सदस्य श्रीमती रमनकान्ता जी ने अपने धन्यवाद ज्ञापन में कहा कि आज के समय में छात्राओं को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक होना चाहिए ताकि एक अच्छी सोच के साथ स्वस्थ समाज का निर्माण हो सके । व्याख्यान के अंत में एन0सी0सी0 कैडेटस, छात्रा वसुंधरा शर्मा, निधि देवी, तथा रवीना द्वारा पूछे गए प्रश्नों का सी0 जे0 एम0 श्री दुष्यंत चौधरी जी ने उत्तर दिया और कुरूक्षेत्र की महिला अधिवक्ता तृप्ता शर्मा ने भी अपने विचार सांझा किए।

Sunita
12/07/2021

Ph. : 01744- 240721, 240172 E-mail : akmshahabad@yahoo.com, Website : www.akmvshahabad.com

कोरोना महामारी के संबंध में वेबिनार

चीफ ज्यूडिशियल मेजिस्ट्रेट ने कोरोना विषय पर प्रस्तुत किया व्यायान

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क
शाहाबाद/स्वामी

सोमवार को आर्य कन्या महाविद्यालय में जागृति मंच, शक्ति मंच आईसीसी के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना महामारी को लेकर ऑनलाईन वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें चीफ ज्यूडिशियल मेजिस्ट्रेट कम सेक्रेटरी डिस्ट्रीक्ट सर्विस अथोरिटी कुरूक्षेत्र दुष्यंत चौधरी ने कोरोना महामारी को लेकर नागरिकें के नैतिक व मौलिक कर्त्तव्य पर लोगों को जागरूक करता व्या यान प्रस्तुत किया। जिसमें दुष्यंत चौधरी ने कहा कि महामारी के इस दौर में सभी को साकारात्मक होकर एक दूसरे की मदद करनी होगी। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को लेकर भ्रम नहीं फैलाना चाहिए ताकि समाज के लोग गल्त दिशा की ओर अग्रसर न हो। वहीं उन्होंने लोगों को कोरोना की दूसरी लहर से सीख लेते हुए अधिक से अधिक पौधे रोपित करने और प्रकृति की संभाल के लिए प्रेरित किया ताकि भविष्य में ऑक्सजीन जैसी समस्या उत्पन्न न हो सके। वहीं दुष्यंत चौधरी ने कहा कि समय सबसे बड़ा धर्म मानवता के साथ लोगों की मदद करना है और किसी भी तरह की कालाबाजारी नहीं करनी चाहिए। कॉलेज की प्राचार्या डा. सुनीता पाहवा ने मु यातिथि का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह वेबीनार छात्राओं को जागरूक करने का काम करेगा और छात्राएं भी इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगी।

वेबिनार में विचार व्यक्त करते चीफ ज्यूडिशियल मेजिस्ट्रेट दुष्यंत चौधरी।

उत्तम हिन्दू Mon, 12 July 2021
epaper.uttamhindu.com/c/6176